# वार्षिक प्रतिवेदन

## (2021-22)

## राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)

### जिला मण्डी (हि. प्र.)

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## (04 अगस्त, 2022)

*मुख्यातिथि:*

## श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर

**महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश**


*प्रस्तुतकर्ता :*

**डॉ.राकेश शर्मा**

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)

# स्वागत सम्बोधन

आज के समारोह के मुख्यातिथि श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर जी महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष रेड क्रॉस हॉस्पिटल वेलफेयर सेक्शन हिमाचल प्रदेश डॉ० साधना ठाकुर, उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं प्यारे विद्यार्थियों |

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के बारहवे वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर कर्मठ एवं सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के स्वामी श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर जी महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश के हमारे मध्य पधारने पर हम सब गर्व का अनुभव कर रहे हैं | मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यातिथि जी का हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत करता हूँ | महोदय, आपने हमारे विनम्र अनुरोध पर महाविद्यालय पधार कर हमें गौरवान्वित किया है | जिसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं |

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समारोह एक ऐसा स्वर्ण अवसर है जिसमे होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मानित किया जाता है | अन्य छात्रों के लिए भी यह एक प्रेरणात्मक अनुभव होता है | आप जैसे एक गम्भीर विचारक, समाजसेवी एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी स्वयं को सौभाग्यशाली समझेंगे | एक बार फिर महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ |

मान्यवर, सन 2007 को इस महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ था | महाविद्यालय के इस क्षेत्र में खुलने से यहाँ के स्थानीय बच्चों को विशेष लाभ हुआ है | मान्यवर इस महाविद्यालय में जुलाई 2016 से वाणिज्य की कक्षाएं तथा 2018 में विज्ञान संकाय की कक्षाएँ शुरू हुई है | वर्तमान में यह संख्या **500** के पार हो गयी है। जिसमें कला संकाय में **423** छात्र, वाणिज्य विषय में **29** छात्र और विज्ञान संकाय में 51 छात्र पंजीकृत हैं | इस महाविद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं | इसके साथ - साथ इस महाविद्यालय ने अपनी प्रारंभिक अवस्था में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं | मान्यवर इस महाविद्यालय को 2020 में उत्कृष्ट महाविद्यालय का दर्जा दिया गया एवं इसके लिए एक करोड़ रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई। इस राशि से महाविद्यालय को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। छात्रों को ***Smart Class Rooms*** की सुविधा एवं ***internet*** युक्त पुस्तकालय की सुविधा प्रदान की गई है। यह पुस्तकालय पूर्ण स्वचालित (Fully

Automated) है। इस महाविद्यालय को NAAC द्वारा भी मूल्यांकित किया जा चुका है। आज यह महाविद्यालय आधुनिक तकनीकों से युक्त है जो उत्कृष्ट महाविद्यालय को प्रदान की गई अनुदान राशि से संभव हो पाया है।

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ |

धन्यवाद, श्रीमान जी

## वर्गानुसार छात्र संख्या

वर्ष 2007 में जहां इस महाविद्यालय में 40 के करीब छात्रों ने प्रवेश लिया, वहीं यह संख्या इस सत्र में 503 हो गयी है | महाविद्यालय में न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का प्रयास किया है | इस शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में **503** छात्र- छात्राओं ने प्रवेश लिया **|** इनमे **319** छात्राएं तथा **184** छात्र हैं | जिनका विवरण निम्नलिखित है :-

| **कक्षा** | **सामान्य वर्ग** | | | **अनुसूचित वर्ग** | | | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | | | **कुल संख्या** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** |
| **बी.एस.सी प्रथम वर्ष** | 01 | 08 | 09 | 01 | 03 | 04 | 01 | 00 | 01 | 03 | 11 | 14 |
| **बी.कॉम. प्रथम वर्ष** | 03 | 00 | 03 | 01 | 02 | 03 | 00 | 00 | 00 | 04 | 02 | 06 |
| **बी० ए० प्रथम वर्ष** | 28 | 79 | 107 | 28 | 49 | 77 | 07 | 04 | 11 | 63 | 132 | 195 |
| **बी.एस.सी द्वितीय वर्ष** | 06 | 08 | 14 | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 07 | 09 | 16 |
| **बी.कॉम. द्वितीय वर्ष** | 03 | 04 | 07 | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 04 | 05 | 09 |
| **बी० ए० द्वितीय वर्ष** | 17 | 42 | 59 | 21 | 30 | 51 | 05 | 02 | 07 | 43 | 74 | 117 |
| **बी.एस.सी तृतीय वर्ष** | 03 | 06 | 09 | 07 | 04 | 11 | 01 | 00 | 01 | 11 | 10 | 21 |
| **बी.कॉम. तृतीय वर्ष** | 04 | 02 | 06 | 03 | 01 | 04 | 03 | 01 | 04 | 10 | 04 | 14 |
| **बी० ए० तृतीय वर्ष** | 14 | 42 | 56 | 21 | 29 | 50 | 04 | 01 | 05 | 39 | 72 | 111 |
| **कुल** | **79** | **191** | **270** | **84** | **120** | **204** | **21** | **08** | **29** | **184** | **319** | **503** |

# वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षा संस्थान के स्तर की कसौटी को जांचने के लिए उसके परीक्षा परिणाम का बेहतर रहना अनिवार्य होता है | वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा यू. जी. सी (सी. बी. सी. एस.) रूसा पद्धति को अपनाया गया है | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेमेस्टर सिस्टम के आधार पर ग्रेड सिस्टम को अपनाया गया है | इसमें पहले रोल ऑन पद्धति के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता था | इस प्रणाली में सत्र 2016 से वार्षिक परीक्षा पद्धति को अपनाया गया, जिसमें छात्रों को उत्तीर्ण- अनुतीर्ण करके परिणाम दिया गया | सत्र 2020-21 और 2021-22 में बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी प्रथम और बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा का कोविड-19 महामारी के कारण आयोजन नहीं किया गया जिसमें आन्तरिक आकलन के आधार पर ही सभी छात्रों को स्तरोन्नत किया गया।

तृतीय वर्ष के छात्रों का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा ।

# छात्रवृतियां

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष में महाविद्यालय के 57 छात्रों ने आवेदन किया है | जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| क्रम संख्या | वर्ग | कुल् छात्र |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति (SC) | 43 |
| 2. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 02 |
| 3. | कल्पना चावला छात्रवृति | 04 |
| 4. | डॉ० अम्बेडकर छात्रवृति | 05 |
| 5. | एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) | 03 |
| **कुल** | | **57** |

## महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों का विवरण

**प्राचार्य** - डॉ. राकेश शर्मा

## i) शिक्षक स्टॉफ:-

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | डॉ० कुलभुषण शर्मा | सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) |
| **2.** | डॉ० प्रेम प्रकाश | सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) |
| **3.** | श्री विवेक कपूर | सहायक प्राध्यापक (गणित) |
| **4.** | डॉ० दलीप सिंह | सहायक प्राध्यापक (भौतिक विज्ञान) |
| **5.** | डॉ. सुरेन्द्र कुमार | सहायक प्राध्यापक (संगीत- गायन ) |
| **6.** | डॉ सावित्री देवी | सहायक प्राध्यापक (हिंदी) |
| **7.** | श्री ख्याल चंद | सहायक प्राध्यापक (भूगोल) |
| **8.** | डॉ रविंदर कुमार | सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा ) |
| **9.** | श्री विनोद कुमार | सहायक प्राध्यापक (इतिहास) |
| **10.** | श्री देव राज | सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| **11.** | श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह | सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान ) |
| **12.** | श्रीमति अनुपमा शर्मा | सहायक प्राध्यापिका (अंग्रेजी) |
| **13.** | श्री बोध राज | सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| **14.** | डॉ लोमेश्वर | सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) |
| **15.** | श्री संजय चौहान | सहायक प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान) |
| **16.** | डॉ. मनीष कुमार | सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान) |
| **पी० टी० ए० स्टाफ;-** | | |
| **1.** | श्री चितरंजन कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर |

## ii) गैर- शिक्षक स्टॉफ

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | श्री सीता राम | अधीक्षक ग्रेड -२ |
| **2.** | श्री विजय कुमार | कनिष्ठ कार्यालय सहायक |
| **3.** | श्री मणी चंद | लिपिक |
| **4.** | श्री राकेश कुमार | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| **5.** | श्री रमेश कुमार | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| **6.** | श्री गंगा राम | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |

| | | |
|---|---|---|
| **7.** | श्री देवकी नंदन | प्रयोगशाला परिचर |
| **8.** | श्री कमलेश कुमार | प्रयोगशाला परिचर |
| **9.** | श्रीमती रुमा देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| **10.** | श्री जय सिंह | प्रयोगशाला परिचर |
| **11.** | श्री हेम राज | सेवादार |
| **12.** | श्री दुनी चंद | सेवादार |
| **13.** | श्रीमती हिमा देवी | सेवादार |
| **14.** | श्रीमती दौलतु देवी | सेवादार |
| **15.** | श्री लाल सिंह | चौकीदार |
| **16.** | श्री लाभ सिंह | सेवादार |

## पदग्रहण, स्थानान्तरण, रिक्तियाँ एवम नियुक्तियाँ :

i) **पदग्रहण** :

राजकीय महाविद्यालय सराज(लम्बाथाच)में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों ने पद ग्रहण किया :

**a)** डॉ० राकेश शर्मा ने प्राचार्य के पद में 17 जुलाई, 2021 को पद ग्रहण किया |

**b)** डॉ० कुलभूषण शर्मा ने सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विषय के पद में 17 अगस्त, 2021 को पद ग्रहण किया |

**c)** डॉ० दलीप सिंह ने सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान विषय के पद में 31 अगस्त, 2021 को पद ग्रहण किया |

**d)** श्री विवेक कपूर ने सहायक प्राध्यापक गणित विषय के पद में 31 अगस्त, 2021 को पद ग्रहण किया |

**e)** श्री मणी चंद ने लिपिक के पद में 25 नवम्बर, 2021 को पद ग्रहण किया |

**f)** डॉ० सावित्री देवी ने सहायक आचार्या हिंदी के पद पर 02 अप्रैल, 2022 को पद ग्रहण किया।

## ii) **स्थानान्तरण** :

सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है | इसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)से गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ :-

**a)** श्री स्वर्ण सिंह, प्रयोगशाला परिचर का स्थानान्तरण 01 जुलाई, 2021 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुनाग को हुआ|

**b)** डॉ. योगिंदर पाल शर्मा, प्राचार्य का स्थानान्तरण 14 जुलाई 2021 को राजकीय महाविद्यालय मंडी को हुआ|

**c)** श्री. सुरेश कुमार, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विषय का स्थानान्तरण 18 अगस्त, 2021 को राजकीय महाविद्यालय इंदौरा जिला काँगड़ा को हुआ|

**d)** श्री कुशाल सिंह , सहायक आचार्य हिंदी का स्थानांतरण 01 अप्रैल,2022 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।

## iii) **रिक्तियां एवम नियुक्तियाँ**:

महाविद्यालय में प्राचार्य का 1 पद, प्राध्यापकों के 18 पद स्वीकृत हैं | इनमें से 11 पद कला संकाय, 5 पद विज्ञान संकाय व 2 पद बाणिज्य विभाग के लिए सृजित हैं। इन 18 पदों में से केवल 16 पद भरे गए हैं, शेष 2 पद रिक्त हैं | गैर शिक्षक पदों में 25 पद सृजित हैं जिनमें से 16 पद भरे गए हैं और 09 पद रिक्त हैं | महाविद्यालय में सृजित, नियमित व रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है:

### महाविद्यालय में स्टॉफ व्यवस्था

**a) शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 2 | 2 | - |
| 2 | अर्थशास्त्र | 1 | 1 | - |
| 3 | इतिहास | 1 | 1 | - |
| 4 | राजनीति शास्त्र | 1 | 1 | - |
| 5 | भूगोल | 1 | 1 | - |
| 6 | हिन्दी | 1 | 1 | - |
| 7 | संस्कृत | 1 | - | 1 |
| 8 | समाजशास्त्र | 1 | - | 1 |
| 9 | शारीरिक शिक्षा | 1 | 1 | - |
| 10 | संगीत | 1 | 1 | - |
| 11 | वाणिज्य | 2 | 2 | - |
| 12 | रसायन विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 13 | वनस्पति विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 14 | जंतु विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 15 | गणित | 1 | 1 | - |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **16** | भौतिक विज्ञान | 1 | 1 | - |
| **कुल** | | **18** | **16** | **02** |

## b) गैर शिक्षक वर्ग :

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| **1** | अधीक्षक ग्रेड -II | 1 | 1 | - |
| **2** | वरिष्ठ सहायक | 1 | - | 1 |
| **3** | लिपिक | 3 | 2 | 1 |
| **4** | पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | - | 1 |
| **5** | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | 1 | - |
| **6** | पुस्तकालय परिचर | 1 | - | 1 |
| **7** | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 1 | 1 | - |
| **8** | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 2 | 1 | 1 |
| **9** | प्रयोगशाला परिचर | 5 | 5 | - |
| **10** | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 |
| **11** | रिस्टोरर | 1 | - | 1 |
| **12** | तबलावादक | 1 | - | 1 |
| **13** | सेवादार | 6 | 6 | - |
| **कुल** | | **25** | **17** | **08** |

# अध्यापक-अभिभावक संघ (PTA)

किसी भी शिक्षण संस्थान के कार्यवहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है | इस सन्दर्भ में 11 सितम्बर , 2021 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन किया गया | इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया :

| | |
|---|---|
| मुख्य सलाहकार | श्री पुष्प राज |
| अध्यक्ष | श्री गुलाब सिंह |
| उपाध्यक्ष | श्रीमती पवना कुमारी |
| सचिव | श्री कुशाल सिंह |
| सह-सचिव | श्री राजेंदर कुमार |
| कोषाध्यक्ष | श्री खेम सिंह |
| AUDIT समिति | डॉ० प्रेम प्रकाश |
| सदस्य | श्री दलीप सिंह ,श्रीमति सावित्री देवी (अभिवावक सदस्य )<br>श्री बोध राज , श्री लोमेश्वर (प्राध्यापक सदस्य) |

# संकाय विकास कार्यक्रम (FDP)

शिक्षकों के ज्ञान संवर्धन हेतु महाविद्यालय की IQAC इकाई द्वारा 09 मई,2022 से 14 मई,2022 को सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि डॉ. सुनील गुप्ता अध्यक्ष राज्य उच्च शिक्षा समिति ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर NAAC के विभिन्न मानदंडों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ कुलभूषण शर्मा सहायक आचार्य अंग्रेजी और कार्यक्रम सचिव श्री ख्याल चंद सहायक आचार्य भूगोल ने IQAC के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में डॉ आर के कायस्था सेवानिवृत्त प्राचार्य उपस्थित रहे। इन्होंने FDP के महत्त्व एवं भूमिका पर चर्चा की। इसमें सभी शिक्षकों ने बतौर रिसोर्स पर्सन भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में FDP का सफल आयोजन किया गया।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में अभी तक लगभग 5000 पुस्तकें उपलब्ध हैं | इसके अलावा पुस्तकालय में हिंदी तथा अंग्रेजी में दैनिक समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है | छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने व रोजगार अवसरों की जानकारी के लिए मासिक पत्रिकाओं "प्रतियोगिता दर्पण", “योजना मासिक पत्रिका”, “डाउन टू अर्थ” और "Competition Success Review" कुरुक्षेत्र, भाषा, खेल प्रतियोगिता दर्पण, विज्ञान प्रगति, विज्ञान की दुनिया आदि पत्रिकाओं की व्यवस्था की गयी है |

## शिक्षेत्तर गतिविधियाँ :-

## साहित्य परिषद्

राजकीय महाविद्यालय सराज में विद्यार्थियों के सृजनात्मक दृष्टिकोण के विकास के लिए साहित्य परिषद् का गठन किया गया है, जिसमें हिंदी व अंग्रेजी विषय के विद्यार्थी पंजीकृत हैं । इस परिषद् द्वारा इस सत्र में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया :-

**1. हिंदी दिवस**- राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच के हिंदी विभाग द्वारा 14 सितम्बर 2021 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया । इसमें महाविद्यालय के छात्रों ने काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, निवंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया इसमें महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया , जिनका विवरण निम्नवत है :-

**निवंध लेखन प्रतियोगिता**

| क्रम संख्या | नाम | अनुक्रमांक | वर्ष | स्थान |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दुर्गा | 19017 | बी ए तृतीय वर्ष | प्रथम |
| 2 | ममता कुमारी | 19010 | बी ए तृतीय वर्ष | द्वितीय |
| 3 | हिमा देवी | 19082 | बी ए तृतीय वर्ष | तृतीय |

**कविता वाचन प्रतियोगिता**

| क्रम संख्या | नाम | अनुक्रमांक | वर्ष | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दुर्गा | 19017 | बी ए तृतीय वर्ष | प्रथम |
| 2 | उषा कुमारी | 20098 | बी ए द्वितीय वर्ष | द्वितीय |
| 3 | पूनम चौहान | | बी ए द्वितीय वर्ष | तृतीय |

**भाषण प्रतियोगिता**

| क्रम संख्या | नाम | अनुक्रमांक | वर्ष | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उषा कुमारी | | बी ए द्वितीय वर्ष | प्रथम |
| 2 | उषा चौहान | | बी ए प्रथम वर्ष | द्वितीय |
| 3 | रेणुका चौहान | | बी ए प्रथम वर्ष | तृतीय |

**प्रश्नोतरी प्रतियोगिता**

| क्रम संख्या | नाम | टीम | वर्ष | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेत राम/दलीप सिंह | भारतेंदु टीम | द्वितीय | प्रथम |
| 2 | दुर्गा / हेना | मीराबाई टीम | बी ए तृतीय वर्ष | द्वितीय |
| 3 | विनोद कुमार/कविता कुमारी | निराला टीम | बी ए तृतीय वर्ष | तृतीय |

**2.** राजकीय महाविद्यालय सराज के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा भारत के विश्वविख्यात अंग्रेज़ी लेखक आर. के. नारायण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 10 अक्तूबर, 2021 को "Remembering RK Narayan" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत काव्य-पाठ, संवाद अदायगी, पत्र वाचन और लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अंग्रेज़ी विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साहित्य के मर्म को गहन तरीके से समझने हेतु आवश्यक गुर भी सिखाए गए।

## शैक्षणिक भ्रमण

विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण का विशेष महत्व है । इस महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने 28-29 मार्च 2022 को GB PANT NATIONAL INSTIUTUE OF HIMALAYAN ENVIRONMENT (MOHAL KULLU) और ट्राउट मछली केंद्र पतलिकुलह का भ्रमण किया । जहाँ विद्यार्थियों ने वरिष्ठ वैज्ञानिको से मिलने का सुअवसर पाया । इस भ्रमण का निर्देशन डॉ. मनीष कुमार (प्राध्यापक रसायन विज्ञान), श्री संजय चौहान (प्राध्यापक जीव विज्ञान) एवं डॉ. लोमेश्वर (प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान) ने किया ।

# रोवर्ज एंड रेंजर्ज

भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से महाविद्यालय में रोवर्ज एंड रेंजर्ज की इकाई गठित है | सत्र 2021-22 में 24 छात्र रोवर्ज व 24 छात्राएं रेंजर्ज में पंजीकृत है | सत्र 2021-22 के लिए श्रेष्ठ रोवर्ज के लिए राज कुमार बी.एस. सी. तृतीय वर्ष और श्रेष्ठ रेंजर्ज के लिए जमना कुमारी बी. ए. तृतीय वर्ष को चयनित किया गया | इस सत्र में निम्न गतिविधियां की गयी :-

**i.** सितम्बर 15, 2021 को महाविद्यालय की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई ने अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल में सक्रिय भाग लिया।

**ii.** नवम्बर 12, 2021 को महाविद्यालय की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई ने राष्ट्रीय सेवा योजना और एन. सी. सी. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर भागीदारिता सुनिश्चित की।

**iii.** मार्च 15 से 19 मार्च तक स्टेट लेवल पट्रोल लीडर्स वर्कशॉप फॉर रोवर्स में महविद्यालय के 3 रोवर्ज छात्रों ने ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में भाग लिया |

# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की Half Unit गठित है जिसमे 50 स्वयंसेवक पंजीकृत है |राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)की इकाई द्वारा 2021 -22 के लिए श्रेष्ठ स्वयंसेवक मुनीष कुमार छात्र वर्ग और रीमा सागर को छात्रा वर्ग के रूप में चयनित किया गया । इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया :-

**1.** 13 अगस्त 2021 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया रन में रेस का आयोजन किया गया | इस अवसर पर कविता वाचन, भाषण प्रतियोगिता और एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |

**2.** 24 सितम्बर 2021 को एन एस एस दिवस पर महाविद्यालय में नारा लेखन , पेंटिंग ,पोस्टर मेकिंग ,और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |

**3.** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अक्टूबर महीने में प्रतिदिन दो घंटे परिसर की सफाई का कार्य किया गया | जिसमें एन एस एस स्वयंसेवकों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया |

**4.** महाविद्यालय के चार स्वयंसेवकों ने 21 से 23 फरवरी 2022 को राजीव गाँधी प्रशिक्षण संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में उधमिता का प्रशिक्षण लिया |

**5.** एन एस एस इकाई द्वारा महाविद्यालय में 9 मार्च से 15 मार्च 2022 तक सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से विषय विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया |

# एन.सी.सी.

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में **24** दिसंबर **2020** को **18** विद्यार्थियों को एनसीसी के प्रथम वर्ष में कैडेट के रूप में भर्ती कर महाविद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया | **2021 -22 के लिए श्रेष्ठ कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर उषा कुमारी और अंडर ऑफिसर ज्योति का चयन किया गया |** इस सत्र एन सी सी इकाई द्वारा महाविद्यालय में निम्नवत कार्य किये गये :-

**1.** 24 जुलाई 2021 को कारगिल विजय दिवस मनाया गया |

**2.** 5 अगस्त 2021 को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्य किया गया |

**3.** अगस्त महीने में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर 11 अगस्त को सामूहिक राष्ट्रगान,12 अगस्त को ग्रीटिंग कार्ड निर्माण व् वितरण, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस व 21 अगस्त को फिट इंडिया रन का आयोजन किया गया |

**4.** 8 सितम्बर 2021 को 2 एच .पी वटालियन मंडी के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्य ,14 सितम्बर को हिंदी दिवस पर सहयोग और 24 सितम्बर 2021को एन. एस .एस दिवस के आयोजन पर सहयोग व् प्रतिभागिता में भाग लिया गया

**5.** 20 अक्टूबर को स्वच्छ भारत कैम्पेन के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य किया गया |

**6.** नवम्बर महीने में 18 नवम्बर को प्रथम वर्ष के छात्रों का चयन कार्य ,26 नवम्बर को एन.सी.सी. व् सविधान दिवस का आयोजन किया गया |

**7.** 29 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2021 तक सी.ए.टी.सी.कैंप का आयोजन किया गया |10 दिसम्बर को सी. डी. एस. जनरल विपिन रावत को और समस्त दिवंगत आत्माओं को श्रदांजलि अर्पित की गयी |

**8.** 12 जनवरी से 16 जनवरी 2022 तक युवा दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया|

**9.** 18 फरवरी 2022 को राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित सराज कल्याण छात्र संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया |

**10.** महाविद्यालय की कैडेट उषा कुमारी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंपेन में एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, ज्योति ठाकुर ने कविता पाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया |

**11.** कैडेट पूजा चौहान ने सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में निशानेबाजी में प्रथम स्थान , प्रदीप ने तृतीय स्थान और महाविद्यालय के छात्रों ने लघु नाटिका में प्रथम स्थान ,रस्साकसी में प्रथम और पहाड़ी नाटी तृतीय स्थान प्राप्त किया

## रेड-रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club)

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रेड रिब्बन क्लब इकाई का गठन किया गया | जिसमें 50 छात्र -छात्राएं इसके सदस्य हैं | इस क्लब का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है | इस क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :

**i.** न्यू इंडिया 75 अभियान के अंतर्गत 12 अगस्त, 2021 को रेड रिब्बन क्लब राजकीय महाविद्यालय सराज ने 12 अगस्त, 2021 से 19 अगस्त, 2021 तक चलने वाले जागरूकता अभियान की जानकारी विद्यार्थियों को दी गयी । इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को एच आई वी संक्रमण, क्षयरोग और रक्तदान के बारे में बताया गया । इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।

**ii.** इस इकाई के सदस्यों के द्वारा 1 दिसम्बर 2021 को अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस मनाया गया | इस कार्यक्रम में छात्रों ने भाषण, नाटक, माईम तथा सामूहिक नृत्य में भाग लिया । साथ ही छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में एड्स जागरूकता रैली निकाली |

## खेल-कूद प्रतियोगिता

खेल-कूद शिक्षा का अभिन्न अंग है | विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी महत्व है | अतः शारीरिक व् बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता रहता है | इसी कड़ी में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में महाविद्यालय की टीमों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भेजा गया व महाविद्यालय में भी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया |

### वार्षिक खेल-कूद संगम :-

महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में दिसम्बर 8 व् 7 20 21 को किया गया | इसमें छात्र छात्राओं ने लम्बी कूद ,ऊँची कूद , शॉट फूट ,जैब्लिन थ्रो और वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया | इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में चिराग शर्मा बी ए तृतीय वर्ष और महिला वर्ग में टीला बी ए प्रथम वर्ष को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया |

### अंतर- विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता:-

अंतर- विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र जितेंदर कुमार ने 23 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 तक डी ए बी जालंधर विश्वविद्यालय में भाग लिया।

## सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियाँ:

**<u>सराज थिएटर क्लब द्वारा</u> "रंगमंच कार्यशाला" व <u>नटराज कला मंच द्वारा</u> "कथक नृत्य कार्यशाला: -**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में सराज थिएटर क्लब ने अक्तूबर 15 से नवम्बर 15, 2021 तक कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेज़ी विभाग) के मार्गदर्शन में "रंगमंच कार्यशाला" का संचालन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के 30 युवा रंगकर्मियों को अभिनयकौशल की बारीकियों को सिखाया गया।

महाविद्यालय के नटराज कला मंच ने भी डॉ. सुरेंद्र (सहायक आचार्य, संगीत विभाग) के मार्गदर्शन में "कथक नृत्य कार्यशाला" का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने कथक नृत्य को सीखा। रंगमंच और नृत्य कार्यशालाओं के सम्पन्न होने पर सराज थिएटर क्लब और नटराज कला मंच ने सयुंक्त तत्त्वावधान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम "A Cultural Fiesta" का आयोजन किया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के सराज थिएटर क्लब के युवा रंगकर्मियों द्वारा प्रहसन "At Your Service My Darling" और मूक अभिनय- "God is Great" और नटराज कला मंच के विद्यार्थियों द्वारा कथक पर आधारित दुर्गा स्तुति और समूह नृत्य की शानदार और मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी। युवा रंगकर्मियों ने रंगकर्म को निभाते हुए महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भी अपने अभिनय का उम्दा प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय के छात्रों ने नेशनल विंटर कार्निवल मनाली में 01 जनवरी, 2022 से 06 जनवरी, 2022 तक भाग लिया । जिसमें छात्रों ने झांकी, फैशन शो, फैंसी ड्रेस, ओल्ड फ़िल्मी डांस, न्यू फ़िल्मी ड्रेस, विंटर क्वीन में अपनी प्रस्तुतियां पेश की ।

महाविद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लिया जिसे जिला खेल और युवा सेवा विभाग ने राजकीय महाविद्यालय सराज में नवम्बर 2021 में आयोजित किया । जिसमें पंकज ने तबला प्रतियोगिता में पहला स्थान, अमन ने हारमोनियम प्रतियोगिता में पहला स्थान, ग्रुप फोक सोंग प्रतियोगिता में पहला स्थान तथा पूनम ने सोलो सोंग प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया ।

# इको क्लब

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में इको क्लब का गठन किया गया | जिसमे 30 छात्र -छात्रायें इसके सदस्य हैं | इस क्लब का उदेश्य छात्रों में स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है | इस क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :-

**i.** महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की पहल से महाविद्यालय के परिसर में वृक्ष रक्षाबंधन अगस्त, 2021 मनाया गया इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग और बच्चों ने पौधो की सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली तथा पेड़ों को राखियाँ बांधी गयी ।

**ii.** 05 अक्तूबर, 2021 को वाइल्ड लाइफ सप्ताह महाविद्यालय के परिसर में मनाया गया जिसमे फारेस्ट एंड लाइवलीहुड सस्टेनिंग पीपल एंड प्लेनेट विषय पर प्राध्यापकों ने व्याख्यान दिए तथा छात्रों ने रगोंली प्रतियोगिता में भाग लिया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 28 फरवरी, 2022 को किया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान में तकनीक की भूमिका और कृत्रिम बुद्धिमता विषय पर दृश्य विडियो, स्किट, माइम और लोक नृत्य के माध्यम से छात्रों को विज्ञान के बारे में जागरूक किया गया।

## महाविद्यालय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह

31 मार्च, 2022 को महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया | जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे | इसमें छात्रों ने एकल गीत, एकलनृत्य, समूह गान, पहाड़ी नाटी,युगल नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता,मेहन्दी प्रतियोगिता व फैंसी ड्रेस इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया | इस समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया |

## महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "**सराजिका**" विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है | जो अंग्रेजी, हिन्दी,वाणिज्य, विज्ञान, पहाड़ी और योजना प्रबंधन विषय से सुसज्जित है | इस पत्रिका में छात्रों द्वारा सृजित लेखों को प्रकाशित किया जाता है | सत्र 2021-22 के लिए प्राध्यापक वर्ग व् छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए :

**मुख्य संपादक:** **डॉ कुलभूषण शर्मा**

1. अंग्रेजी अनुभाग प्राध्यापिका संपादक : श्रीमती अनुपमा शर्मा
2. हिन्दी अनुभाग प्राध्यापक संपादक: श्री कुशाल सिंह
3. पहाड़ी अनुभाग प्राध्यापक संपादक: श्री ख्याल चंद
4. योजना अनुभाग प्राध्यापक संपादक: डॉ० प्रेम प्रकाश
5. विज्ञान अनुभाग प्राध्यापक संपादक: डॉ० मनीष कुमार
6. वाणिज्य अनुभाग प्राध्यापक संपादक: श्री देव राज

## छात्र-छात्रा संपादक

| क्रम | उप-संपादक | वर्ष | अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | लीना | BA 3rd year | अंग्रेजी |
| 2 | कविता कुमारी | BA 3rd year | हिन्दी |
| 3 | मुनीष ठाकुर | B. Sc. 3rd year | पहाड़ी |
| 4 | हिमानी | BA 3rd year | योजना |
| 5 | *सुनीता* | B Sc. 3rd Year | विज्ञान |
| 6 | *वंदना* | B Com 3rd year | वाणिज्य |

# शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां

### डॉ. कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग):

- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने ब्लू रोज पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित " Rethinking Himalaya: Its Scope and Protection" का सफल संपादन किया तथा इनके द्वारा लिखित शोधपत्र "The Himalayan Bond: Eco- critical Perspectives in Ruskin Bond's Writings" इसी पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने जम्मू विश्वविद्यालय के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2021-22 स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को तैयार करते हुए पाठ्यचर्या निर्माण प्रक्रिया में पाठ्य समिति के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई।
- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा दिनांक अगस्त अगस्त 02, 2021 से अगस्त 08, 2021 तक आयोजित "NAAC पर आधारित सात दिवसीय फ़ैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम“ सभी मानदण्डों पर केंद्रित पर प्रस्तुतिकरण किया ।
- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने दिनांक 24-25 सितम्बर, 2021 को ऐतिहासिक गेयटी थिएटर शिमला में भाषा एवं संस्कृति विभाग, शिमला के अंतर्गत रंगमंडल शिमला द्वारा मंचित नाटक सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक में समीक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाई |
- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने English Teacher's Forum द्वारा दिनांक दिसम्बर 15, 2021 को आयोजित "Monday Musings" कार्यक्रम में रंगमंच", फुनगी और “Woodpecker's Home” नामक कविताओं का काव्यपाठ किया।- इन्होंने English Teacher's Forum (ETF) द्वारा दिनांक मार्च 07, 2022 को आयोजित "Monday Musings" कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर अनिल विल्सन द्वारा लिखित कहानी द पार्टी" का कहानी पाठ किया।
- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने दिनांक अप्रैल 22-23, 2022 को राजकीय महाविद्यालय ऊना (हिमाचल प्रदेश) द्वारा आयोजित “Changing Trends in Diasporic Literature” नामक विषय पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोधपत्र "From Womanhood to Selfhood: Diasporic Sensibility In Manju Kapur’s *The Immigrant*" प्रस्तुत किया।
- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने दिनांक मई 5-6, 2022 को English Teacher's Forum और राजकीय महाविद्यालय धामी के संयुक्त तत्त्वाधान में आयोजित “Gender and Ethnicity in Literature” विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोधपत्र “The Construction of

Masculinities: An Archetypal Study of Rusty's Journey in Ruskin Bond's Selected Works "
प्रस्तुत किया।

- डॉ. कुलभूषण शर्मा ने दिनाँक मई 09, 2022 से मई 14, 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराज (लंबाथाच) के IQAC द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme: National Assessment and Accreditation Council (NAAC) में बतौर समन्वयक अपनी भूमिका निभाई। इन्होनें इस कार्यक्रम में "The Reading Habit" विषय पर अपना वक्तव्य रखा।
- डॉ. कुलभूषण शर्मा की तीन कविताएँ "Mountains Calling", "Real" और "Pines Pain" The ETF JOURNAL – An Annual Peer-Reviewed International Journal, (Volume-1, Issue-1, Jan-March 2022) में प्रकाशित हुई ।
- डॉ. कुलभूषण शर्मा द्वारा प्रख्यात लेखक गुरमीत बेदी की लिखित कहानी "Terror" की समीक्षा "Terror: A Critical Review", "Let Us Tell a Story" पुस्तक में प्रकाशित हुई। (Author Press, ISBN 978-93-5529-409-8)

## डॉ. प्रेम प्रकाश (सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग)

- डॉ प्रेम प्रकाश ने ऑनलाइन कोर्स के अंतर्गत रामानुजम कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से पुनश्चर्या पाठ्यक्रम 20 फरवरी, 2022 से 06 मार्च, 2022 तक पूर्ण किया ।
- इन्होंने सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में NAAC Criterian IV पर पी पी टी के माध्यम से प्रस्तुति दी। इन्होंने ***"e-Filing of Income Tax Return"*** विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।
- इनका शोध पत्र ***"Forest Land Encroachment and Policies:A Question of Environmental and Livelihood Sustainability"*** Rethinking Himalya : It's Scope and Protection नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- अक्तूबर 2021 को इन्हें हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा गठित कमेटी ***"नई शिक्षा नीति 2020"*** के क्रियान्वयन में सदस्य के रूप में चुना गया।
- इन्होंने जून, 2022 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गठित कमेटी ***"नई शिक्षा नीति"*** क्रियान्वयन में भी सदस्य के रूप में कार्य किया।

## डॉ सुरेन्द्र कुमार (सहायक आचार्य संगीत):

- डॉ० सुरेंद्र कुमार ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में भूमिका निभाई, इन्होंने "***मानव जीवन में संगीत का महत्त्व एवं प्रभाव*** " पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- इन्होंने महाविद्यालय में 16 अक्टूबर 2021 से 16 नवंबर 2021 तक एक माह की कार्यशाला का आयोजन किया।
- इन्होंने जंजैहली टूरिज्म फेस्टिवल2022 में निर्णायक की भूमिका निभाई।

**डॉ. रविन्द्र कुमार (सहायक आचार्य शारीरिक शिक्षा):**

- डॉ रविंद्र कुमार ने ***"Career Opportunity is in Physical Education and Sports"*** पर 29 अगस्त 2021 को एक दिवसीय वेबिनार आयोजन किया।
- इनको केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला द्वारा आयोजित की गई अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खो-खो चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) के अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया जिसका आयोजन 27 मार्च 2022 से 30 मार्च 2022 को किया गया।
- इनको गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर पंजाब द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) के टीम प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया इसका आयोजन 25 फरवरी, 2022 से 3 मार्च 2022 को किया गया।
- इन्होंने 3 फरवरी, 2022 से 6 फरवरी, 2022 को आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी चैंपियनशिप (महिला वर्ग) के तकनीकी अधिकारी के रूप में भूमिका निभाई जिसका आयोजन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी में किया गया।
- इनको महाराजा लक्ष्मण सेन महाविद्यालय सुंदरनगर द्वारा आयोजित खो - खो चैम्पियनशिप (पुरुष वर्ग) में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से अधिकारी(Official)के रूप में नियुक्त किया गया।

**ख़्याल चंद (सहायक आचार्य भूगोल):**

- ख्याल चंद ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में कार्यक्रम सचिव की भूमिका निभाई। इन्होंने पी पी टी के माध्यम से SWOC Analysis एवं IQAC पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।
- इनका ***"Forest Land Encroachment and Policies: A Question of Environmental and Livelihood Sustainability"*** नामक शोध पत्र "Rethinking Himalaya :It's Scope and Protection" नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

**विनोद कुमार सहायक आचार्य, इतिहास विभाग:**

- विनोद कुमार ने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में 21 दिसम्बर ,2021 को भारत अधिकारी स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय **Beginner's Course** प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- इन्होंने रामानुजन विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई, 2022 से 18 जून, 2022 को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया।
- इन्होंने सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में NAAC Criterian VI पर बतौर रिसोर्स पर्सन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी।
- इनका ***"Forest Land Encroachment and Policies: A Question of Environmental and Livelihood Sustainability"*** नामक शोध पत्र "Rethinking Himalayas : it's scope and protection " नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

**देवराज सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग :**

- देवराज सहायक आचार्य वाणिज्य ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम(F D P) में रिसोर्स पर्सन के रूप में भूमिका निभाई।
- इन्होंने रामानुजन कॉलेज विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई, 2022 से 18 जून, 2022 ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया।

**ओंकार शरण वरेश्वर सिंह सहायक आचार्य राजनीतिक शास्त्र):-**

- ओंकार सिंह ने महा विद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम मैं बतौर रिसोर्स पर्सन भूमिका निभाई।
- इन्होंने रामानुजम महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) ४द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई, 2022 से 18 जून, 2022 को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया।

**अनुपमा शर्मा सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग:**

- अनुपमा शर्मा द्वारा लिखित शोधपत्र ***"The Himalayan Bond: Ecocritical Perspectives in Ruskin Bond's Writings",*** "Rethinking Himalaya: Its Scope and Protection" नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।
- इन्होंने सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में NAAC Criterian VI पर बतौर रिसोर्स पर्सन भूमिका निभाई।
- इन्होंने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में दिसम्बर 21, 2021 को भारत स्कॉउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय Beginner's Course प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- इन्होंने **"जंजैहली टूरिज़्म फेस्टिवल 2022"** में बतौर निर्णायक भूमिका निभाई।
- इन्होंने रामानुजम विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई, 2022 से 18 जून, 2022 को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया।

**बोध राज सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग:**

- बोध राज ने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में दिसम्बर 21, 2021 को भारत स्कॉउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय Beginner's Course प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- इन्होंने महाविद्यालय रामानुजम विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम FIP 20 मई, 2022 से 18 जून, 2022 को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया।
- इन्होंने सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम FDP 09 मई, 2022 से 14 मई, 2022 में बतौर रिसोर्स पर्सन भूमिका निभाई।

**डॉ. लोमेश्वर सहायक आचार्य, बनस्पति विज्ञान विभाग:**

- डॉ लोमेश्वर ने पंजाब .विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की।

- इन्हें VDGOOD व्यावसायिक संस्था की ओर से ***Emerging Scientiest Award*** से सम्मानित किया गया ।
- इन्होंने सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में NAAC Criterian VI पर बतौर रिसोर्स पर्सन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी , जिसका आयोजन 9 मई 2022 से 14 मई 2022 को महाविद्यालय में किया गया। इन्होंने ***"The Role of Fasting and diet in Longevity"*** पर भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- इन्होंने महाविद्यालय रामानुजम (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई,2022 से 18 जून, 2022 को पूरा किया।

**संजय चौहान सहायक आचार्य, जीव विज्ञान विभाग:**

- इन्होंने सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में NAAC Criterian VI पर बतौर रिसोर्स पर्सन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी , जिसका आयोजन 9 मई 2022 से 14 मई 2022 को महाविद्यालय में किया गया।
- इन्होंने महाविद्यालय रामानुजम (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई,2022 से 18 जून, 2022 को पूरा किया।

**डॉ. मनीष कुमार, सहायक आचार्य, रासायन विज्ञान :**

- डॉ. मनीष कुमार, का शोध पत्र " Synthetic Approaches For Cyclohexane: A versatile precursor for bioactive molecules" ,Synthetic Communication पत्रिका में प्रकाशित हुआ।
- इनका शोध पत्र "Application of Cyclohexane -1,3-diones in the Synthesis of Six-Membered Nitrogen- Containing Heterocycles" ,Chemistry Select पत्रिका में प्रकाशित हुआ है ।
- इन्होंने महा विद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम FDP में बतौर रिसोर्स पर्सन भूमिका निभाई।
- इन्होंने संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में "**मन को सीख**" नामक वक्तव्य प्रस्तुत किया।

इस प्रकार शिक्षकों ने शिक्षण कार्य के साथ – साथ इस सत्र में विभिन्न उपलब्धियां भी प्राप्त की है ।

# आभार

इससे पहले कि मैं अपनी वाणी को विराम दूँ, मैं अन्तर्मन की गहराईयों से एक बार फिर मुख्य-अतिथि माननीय श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर जी महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश का इस समारोह में पधारने पर आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बाबजूद अपना अमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दिया और विभिन्न क्षेत्रो में

अर्जित उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित हो कर हमें अनुगृहीत किया | मैं इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष रेड क्रॉस हॉस्पिटल वेलफेयर सेक्शन डॉ० साधना ठाकुर का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय हमें दिया । मैं इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय प्रशासन, मीडिया वर्ग व अन्य अतिथिगण का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हमें समय-समय पर अपना पूर्ण सहयोग दिया है | मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, केन्द्रीय छात्र परिषद, पी० टी० ए० प्रधान व कार्यकारणी सदस्यों, अभिभावकों, प्राध्यापक वर्ग व सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया | मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूँ और बी० ए० तृतीय वर्ष के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ |

"जय हिंद"

डॉ. राकेश शर्मा
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय सराज
जिला मण्डी (हि. प्र.)